Government of **Western Australia**
Department of **Mines, Industry Regulation and Safety**

wageline
1300 655 266

कैफ़े और रेस्टोरेंट के कर्मचारियों के लिए वेतन दरें
कैफ़े और रेस्टोरेंट व्यवसाय के मालिकों के रोज़गार के प्रति कानूनी दायित्व

कैफ़े और रेस्टोरेंट व्यवसाय के मालिक जो कि राज्य ओद्योगिक संबंध प्रणाली (state industrial relations system) के अंतर्गत व्यवसाय करते हैं, उनके लिए सभी कर्मचारियों को कम से कम इस क्षेत्र के लिए कानूनी तौर पर आवश्यक दरों पर वेतन देना अनिवार्य है।

‘*रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड*’ कैफ़े और रेस्टोरेंट क्षेत्र के लिए वेतन की दरें निर्धारित करता है, और नियोक्ताओं द्वारा कर्मचारियों को WA अवार्ड में उल्लिखित दर से कम वेतन का भुगतान करना ग़ैर कानूनी है।

‘रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड’ में भुगतान की दरें लागू होती हैं:

- पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के सभी महानगरीय और क्षेत्रीय क्षेत्रों में;
- कैफ़े या रेस्टोरेंट में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए जो वेट स्टाफ़, बैरिस्टास, रसोई की व बरतनों की सफ़ाई करने वाले (किचनहैंड), काउंटर पर काम करने वाले (काउंटरहैंड), प्रमुख रसोइए, रसोइए हैं और जो भोजन तैयार करने और ग्राहकों की सेवा से संबंधित कार्य करते हैं;
- सभी पूर्णकालिक, अंशकालिक और अनियत तौर पर काम करने वाले (casual) स्टाफ़ के लिए; तथा
- छात्र वीज़ा पर काम करने वाले, छुट्टी में काम करने के लिए वीज़ा पाने वाले और अस्थायी कुशलता वीज़ा पर काम वाले सभी कर्मचारियों क लिए।

खान, उद्योग विनियमन एवं सुरक्षा विभाग (Department of Mines, Industry Regulation and Safety) के औद्योगिक निरीक्षक वेतन की सही दरों पर भुगतान नहीं करने के लिए नियोक्ताओं के खिलाफ़ औद्योगिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में बाध्यकारी कार्रवाई शुरू कर सकते हैं।

कैफ़े या रेस्टोरेंट राज्य औद्योगिक संबंध प्रणाली में हैं, जहाँ व्यवसाय निम्नानुसार संचालित होते हैं:

✓ **एकल व्यापारी (sole traders)** (जैसे जेन स्मिथ जेन्स कैफ़े के नाम का व्यापार करती है)
✓ **अनिगमित भागीदारियाँ (unincorporated partnerships)** (जैसे कि जेन और बॉब स्मिथ जेन्स कैफ़े नाम का व्यापार करते हैं)
✓ **अनिगमित ट्रस्ट व्यवस्थाएँ (unincorporated trust arrangements)** (जेन और बॉब स्मिथ जेन्स कैफ़े के लिए ट्रस्टी के रूप में)।

कैफ़े और रेस्टोरेंट व्यवसाय के मालिकों के रोज़गार संबंधी मुख्य दायित्व:

✓ सभी कर्मचारियों को काम किए गए प्रत्येक घंटे के लिए कम से कम WA अवार्ड दर से वेतन का भुगतान करें।
✓ सभी कर्मचारियों को WA अवार्ड द्वारा अपेक्षित उच्च सप्ताहांत वेतन दरों और सार्वजनिक अवकाश वेतन दरों पर भुगतान करें। पूर्णकालिक, अंशकालिक और अनियत वयस्क कर्मचारियों के लिए आवश्यक वेतन दरें नीचे दी गई तालिका में दर्शाई गई हैं।
✓ व्यवसाय के सभी कर्मचारियों के रोज़गार का रिकॉर्ड रखें जैसा कि इस विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 3 पर बताया गया है।
✓ रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड, *रोज़गार अधिनियम 1993 की न्यूनतम शर्तें (the Minimum Conditions of Employment Act 1993* तथा *लंबी सेवा अवकाश अधिनियम 1958 (Long Service Leave Act 1958.)* की अपेक्षानुसार सभी कर्मचारियों को अवकाश के अधिकार प्रदान करें। अवकाश संबंधी दायित्वों के लिए एक शीघ्र संदर्भ मार्गदर्शिका इस विवरण पुस्तिका के पृष्ठ 2 पर दी गई है।

वेतन - दरें

नीचे दी गई दरें कैफ़े/क्या रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन दर हैं जो राज्य औद्योगिक संबंध परणाली)state industrial relations system) द्वारा कवर किए गए हैं। वेतन की सभी दरें सकल अर्थात gross दरें(कर से पहले) हैं। ये दरें 1 January 2021 ो या उसकेबाद पहले भुगतान की अविध से लागू होती हैं।

वयस्क – 20 वर्ष या उससे अधिक

वर्गीकरण	पूर्णकालिक और अंशकालिक कर्मचारी				अनियत कर्मचारी (दर में अनियत का अतिरिक्त भुगतान शामिल हैं)		
	पाक्षिक	प्रति घंटा सोम–शुक्र *	प्रति घंटा शनि/रवि	सार्वजनिक अवकाश (कम से कम 4 घंटे)	प्रति घंटा सोम-शुक्र	प्रति घंटा शनि/रवि	सार्वजनिक अवकाश
आरम्भिक (अधिकतम3 महीने)	$1,520.00	$20.00	$30.00	$50.00	$25.00	$30.00	$45.00
स्तर 1	$1,556.90	$20.49	$30.73	$51.21	$25.61	$30.73	$46.09
स्तर 2	$1,612.20	$21.21	$31.82	$53.03	$26.52	$31.82	$47.73
स्तर 3	$1,652.70	$21.75	$32.62	$54.37	$27.18	$32.62	$48.93
स्तर 4	$1,731.60	$22.78	$34.18	$56.96	$28.48	$34.18	$51.26
स्तर 5	$1,825.90	$24.03	$36.04	$60.06	$30.03	$36.04	$54.06
स्तर 6	$1,868.60	$24.59	$36.88	$61.47	$30.73	$36.88	$55.32

*एक पूर्णकालिक या अंशकालिक कर्मचारी को सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 7:00 बजे से पहले या शाम 7:00 बजे के बाद काम के किसी भी सामान्य घंटे में किए गए काम के लिए 1.66 डॉलर प्रति घंटा अतिरिक्त देना अनिवार्य है। यदि कर्मचारी अपने सामान्य घंटों का अधिकांशत: आधी रात और सुबह 7.00 बजे के बीच की पाली में काम करता है, तो उसे प्रत्येक ऐसे घंटे या घंटे के भाग के लिए 1.75 डॉलर प्रति घंटे का अतिरिक्त मज़दूरी दी जानी अनिवार्य है।

वेतन दर संबंधी अन्य दायित्व:

'रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड' के लिए **WA** अवार्ड के सारांश को देखें जो **www.dmirs.wa.gov.au/wageline** पर उपलब्ध है या **1300 655 266** पर वेजलाइन से निम्नलिखित की जानकारी के लिए संपर्क करें:

- जूनियर स्टाफ़ के लिए वेतन की दरें (20 वर्ष से कम आयु);
- अप्रैंटिस और प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के लिए वेतन की दरें;
- काम के घंटे, अतिरिक्त समय व रोस्टर बनाने के लिए आवश्यकताएँ;
- इस WA अवार्ड के अंतर्गत वार्षिक वेतन व्यवस्था की जानकारी; तथा
- विशेष परिस्थितियों में काम करने वाले कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए आवश्यक अन्य भत्ते, साथ ही कुछ क्षेत्रीय क़स्बों में कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए आवश्यक स्थान संबंधी भत्ता।

छुट्टियों के लिए दायित्व – शीघ्र संदर्भ मार्गदर्शिका

यह शीघ्र संदर्भ मार्गदर्शिका पूर्णकालिक, अंशकालिक और अनियत कर्मचारियों के लिए अवकाश के लिए बुनियादी अधिकारों को दर्शाती है। सभी प्रकार की छुट्टी के बारे में व्यापक जानकारी के लिए, वेजलाइन)Wageline) की वेबसाइट पर देखें।

छुट्टियों के लिए अधिकार	पूर्णकालिक कर्मचारी	अंशकालिक कर्मचारी	अनियत कर्मचारी
वेतन सहित वार्षिक अवकाश	✓	✓	✗
वेतन सहित बीमारी और देखभालकर्ता अवकाश	✓	✓	✗
वेतन रहित देखभालकर्ता अवकाश	✓	✓	✓
वेतन सहित मृत्युशोक अवकाश	✓	✓	✓
वेतन रहित अभिभावकीय अवकाश	✓	✓	✓
वेतन सहित दीर्घकालिक नौकरी संबंधी अवकाश	✓	✓	✓

कैफ़े और रेस्टोरेंट में 15 साल से कम आयु के बच्चों के रोज़गार पर प्रतिबंध

कैफ़े, रेस्टोरेंट, टेकअवे फ़ूड या फ़ास्ट फ़ूड स्टोर जैसे व्यवसाय में बच्चों को रोज़गार देने पर प्रतिबंध हैं:

- **13 वर्ष की आयु का बच्चा** सबसे कम आयु का **बच्चा है जो** इस क्षेत्र के व्यवसाय के लिए काम कर सकता है;
- एक बच्चा जो 13 या 14 वर्ष का है, वह केवल सुबह 6 बजे से रात के 10 बजे के बीच के समय में काम कर सकता है, और यह काम स्कूल के घंटों के बाहर होना चाहिए;
- यदि आप 13 या 14 वर्ष की आयु के बच्चे को रोज़गार देते हैं तो माता/पिता से लिखित अनुमति लेना एक कानूनी आवश्यकता है;
- बच्चे जो काम करते हैं उसके लिए चाहे उन्हें भुगतान किया जाता है या नहीं फिर भी यह माना जाता है कि वे काम कर रहे हैं;
- ऐसे व्यापार के मालिकों को 24,000 डॉलर, या 120,000 डॉलर तक आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है, यदि वे ऐसे नियोक्ता हैं जो निम्नलिखित में शामिल हैं :

    o 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों को रोज़गार देना, या

    o अनुमत घंटों के बाहर 13 या 14 वर्ष के बच्चों को रोज़गार देना, या

    o माता-पिता से लिखित अनुमति के बिना 13 या 14 वर्ष के बच्चों को रोज़गार देना।

इसमें छूट हैं यदि बच्चा परिवार के व्यवसाय में काम कर रहा है जिसका मालिक बच्चे का कोई रिश्तेदार है जैसे कि माता-पिता, चाची-चाचा, या दादा-दादी या किसी चैरिटी संगठन में या ऐसे संगठन में काम करता है जो लाभ अर्जित करने के लिए नहीं है।

वेजलाइन से संपर्क करें

www.dmirs.wa.gov.au/wageline

1300 655 266

ट्रैंस्लेटिंग एंड इंटरप्रेटर सर्विस 13 14 50

वेजलाइन
1300 655 266

रोज़गार रिकॉर्ड

व्यवसाय के मालिकों के लिए आवश्यक है कि वे अपने व्यवसाय में नियुक्त सभी कर्मचारियों के रोज़गार का रिकॉर्ड रखें:

- ✓ कर्मचारी का नाम
- ✓ कर्मचारी की जन्म तिथि यदि वह 21 वर्ष से कम आयु का है
- ✓ वह तारीख़ जिस दिन से काम करना शुरू किया गया है
- ✓ प्रतिदिन काम शुरू करने व समाप्त करने का समय तथा भोजन करने के लिए, गए अवकाशों के समय
- ✓ प्रत्येक दिन कितने घंटे काम करने के सामान्य घंटों में काम किया है और कितने घंटे ओवरटाइम काम किया है और प्रत्येक वेतन-अवधि का कुल योग।
- ✓ प्रत्येक सप्ताह कुल कितने घंटे काम किया है
- ✓ कर्मचारी को भुगतान की गई सम्पूर्ण और शुद्ध (gross and net) वेतन राशियाँ, उसमें भुगतान किए गए किसी भी प्रकार के भत्तों को शामिल करें
- ✓ वेतन में की गईं सभी कटौतियाँ और कटोतियाँ करने के कारण
- ✓ ली गईं सभी छुट्टियाँ चाहे उनके लिए पूरा वेतन दिया गया हो, आंशिक रूप से वेतन दिया गया हो या अवैतनिक हों
- ✓ लंबी नौकरी में अवकाश लेने की पात्रता और भुगतान की गणना के लिए आवश्यक सभी जानकारी

- ✓ WA अवार्ड का नाम (कैफ़े और रेस्टोरेंट क्षेत्र के लिए वेतन की दरें जो कि 'रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड' कहलाता है)
- ✓ रोज़गार की स्थिति क्या यह पूर्णकालिक है, अंशकालिक या अनियत है?
- ✓ अवार्ड के अंतर्गत कर्मचारी के वर्गीकरण का स्तर (कर्मचारी के काम संबंधी कर्तव्यों के आधार पर रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड के वर्गीकरण के 6 स्तर हैं)
- ✓ कोई भी अन्य जानकारी जो यह सिद्ध करने के लिए आवश्यक है कि किसी कर्मचारी को मज़दूरी देने में रेस्टोरेंट, टीरूम और कैटरिंग वर्कर्स अवार्ड की अपेक्षाओं का पालन किया गया है, जैसे कि ओवरटाइम के घंटों में काम किया गया और भत्तों का भुगतान किया गया।

रोज़गार का रिकॉर्ड अंग्रेज़ी में होना चाहिए। रोज़गार के रिकॉर्ड लिखित या इलेक्ट्रॉनिक हो सकते हैं। रोज़गार समाप्त होने के बाद सात साल तक रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। नियोक्ताओं को रोज़गार रिकॉर्ड नहीं रखने, या अपर्याप्त या धोखाधड़ीपूर्ण रिकॉर्ड रखने के लिए 5,000 डॉलर तक का दंड दिया जा सकता है।

यह अनुशंसा की जाती है कि नियोक्ता प्रत्येक कर्मचारी को प्रत्येक वेतन अवधि के लिए किए गए भुगतान की एक पे स्लिप दे जिसमें सामान्य घंटों और ओवरटाइम घंटों की गिनती और दी गई मज़दूरी और भुगतान किए गए किसी भी प्रकार के भत्ते और किसी भी प्रकार की कटौती को दिखाया गया हो। यदि पे-स्लिप नहीं दी जाती है, तो नियोक्ता को कर्मचारी को भुगतान करते समय मज़दूरी और समय का रिकॉर्ड देखने की सुविधा प्रदान करनी चाहिए।



वेजलाइन की रिकार्ड रखने के लिए टेम्पलेट, राज्य व्यवस्था के अंतर्गत नियोक्ताओं को रोज़गार के रिकॉर्ड रखने के उनके कानूनी उत्तरदायित्व को पूरा करने में सहायता करती हैं।
टेम्पलेट नीचे दी गई वेबसाइट पर उपलब्ध हैं
www.dmirs.wa.gov.au/employmentrecords

अस्वीकरण

खान, उद्योग विनियमन व सुरक्षा विभाग ने (डिपार्टमेंट ऑफ माइंस, इंडस्ट्री रेगुलेशन एंड सेफ़्टी) वेतन की दरों, अवकाश और रिकॉर्ड रखने की आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए इस विवरण पुस्तिका को तैयार किया है। यह केवल एक सामान्य मार्गदर्शिका के रूप में प्रदान की जा रही है और इसे विस्तृत जानकारी देने के लिए या कानूनी सलाह देने के लिए डिज़ाइन नहीं किया गया है। विभाग किसी भी दावे के लिए अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार नहीं करता है जो किसी भी व्यक्ति द्वारा इस जानकारी के आधार पर कोई कार्यवाही करने, या इस जानकारी पर कोई कार्य करने से परहेज करने से उत्पन्न हो सकता है।